रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीoईoएनo ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | |
|---|---|
| Test Date | 04/02/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** अंडे के निर्माण के दौरान अंडाशय और गर्भाशय में होने वाले नियमित परिवर्तनों को क्या कहा जाता है?

**Ans**
- ✗ A. मद चक्र (estrous cycle)
- ✗ B. सर्केडियन लय (circadian rhythm)
- ✓ C. आर्तव चक्र (menstrual cycle)
- ✗ D. निषेचन चक्र (fertilisation cycle)

**Q.2** रूक्ष अंतःप्रद्रव्यी जालिका (RER) प्रोटीन संश्लेषण के लिए _______ धारण करती है, जबकि चिकनी अंतःप्रद्रव्यी जालिका (SER) _______ का संश्लेषण करती है।

**Ans**
- ✗ A. लाइसोसोम; DNA
- ✗ B. एंजाइम; शर्करा
- ✗ C. छिद्र; RNA
- ✓ D. राइबोसोम; लिपिड

**Q.3** उन धातुओं के सल्फाइड अयस्क, जो सक्रियता श्रेणी के मध्य में स्थित होते हैं, पहले ऑक्साइड में रूपांतरित होते हैं। इस रूपांतरण के लिए आवश्यक शर्त ____________________ है।

**Ans**
- ✗ A. ऑक्सीजन की अनुपस्थिति
- ✗ B. उच्च दाब की उपस्थिति
- ✗ C. उच्च तापमान की उपस्थिति
- ✓ D. अधिक वायु की उपस्थिति

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सा ऊतक नहीं है?

**Ans**
- ✓ A. लाल रक्त कणिकाएं
- ✗ B. तंत्रिकाएं
- ✗ C. रूधिर
- ✗ D. पेशियां

**Q.5** एकसमान वृत्तीय गति में, किसी वस्तु के वेग की दिशा ________ होती है।

**Ans**
- ✗ A. त्रिज्या के अनुदिश, केंद्र की ओर
- ✗ B. घूर्णन अक्ष के लंबवत
- ✗ C. त्रिज्या के अनुदिश, केंद्र से दूर
- ✓ D. वृत्तीय पथ के स्पर्शरेखीय

Q.6 $CuO + H_2 \rightarrow Cu + H_2O$ अभिक्रिया में, निम्न में से कौन-सा पदार्थ ऑक्सीकृत होता है?

Ans
- ✗ A. जल
- ✗ B. कॉपर ऑक्साइड
- ✓ C. हाइड्रोजन
- ✗ D. कॉपर

Q.7 कौन-सी विशेषता, सभी ठोस पदार्थों के लिए समान है?

Ans
- ✗ A. ऊर्जा प्रयुक्त होने पर अनंत विस्तार क्षमता
- ✗ B. दाब प्रयुक्त करने पर सुगमता से संपीड्य होने वाली संरचना
- ✓ C. सामान्य परिस्थितियों में निश्चित आयतन और आकार
- ✗ D. खुले पात्रों में द्रव पदार्थों की तरह प्रवाह की क्षमता

Q.8 किसी परिनालिका के भीतर समान्तर सीधी चुम्बकीय क्षेत्र रेखाओं की उपस्थिति क्या दर्शाती है?

Ans
- ✗ A. परिनालिका के भीतर चुंबकीय क्षेत्र शून्य है
- ✗ B. चुंबकीय क्षेत्र असमान है और विभिन्न बिंदुओं पर बदलता रहता है
- ✗ C. परिनालिका के भीतर चुंबकीय क्षेत्र अनंत है
- ✓ D. परिनालिका के भीतर चुंबकीय क्षेत्र एकसमान है

Q.9 दूरी-समय ग्राफ से, बिंदु A से बिंदु B तक गति करने वाली एक वस्तु $(t_2 - t_1)$ समय में $(s_2 - s_1)$ दूरी तय करती है। निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजक वस्तु की गति (v) का सही रूप निरूपित करता है?

Ans
- ✗ A. v = (t2 − t1)/(s2 − s1)
- ✗ B. v = (s2 − s1)(t2 − t1)
- ✗ C. v = (s1 − s2)(t1 − t2)
- ✓ D. = (s2 − s1)/(t2 − t1)

Q.10 निरपेक्ष अपवर्तनांक के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✗ A. यह सदैव 1 के बराबर होता है।
- ✗ B. यह सदैव ऋणात्मक होता है।
- ✓ C. यह सदैव 1 से अधिक होता है।
- ✗ D. यह सदैव 1 से कम होता है।

Q.11 परमाणु में प्रोटॉन कहाँ पाए जाते हैं?

Ans
- ✗ A. उर्जा स्तरों
- ✗ B. कक्षकों
- ✗ C. इलेक्ट्रॉन अभ्र
- ✓ D. नाभिक

Q.12 किसी प्रजाति के भीतर विविधता क्या सुनिश्चित करती है?

Ans
- ✓ A. बेहतर अनुकूलनशीलता और जीवित रहने की संभावना
- ✗ B. पर्यावरणीय परिवर्तनों के प्रति समान अनुक्रिया
- ✗ C. कोई उत्परिवर्तन नहीं
- ✗ D. कोई विकास नहीं

Q.13 एक लड़की ने एक चट्टान के पास ताली बजाई और 4 s के बाद प्रतिध्वनि सुनी। यदि ध्वनि की चाल 320 $m\ s^{-1}$ ली जाए तो लड़की से चट्टान की दूरी कितनी है?

Ans
- ✗ A. 1280 m
- ✗ B. 320 m
- ✓ C. 640 m
- ✗ D. 80 m

Q.14 यदि धारा को नियत रखते हुए फेरों की संख्या (n) बढ़ा दी जाए, तो वृत्तीय कुंडली द्वारा उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र की प्रबलता पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
- ✗ A. यह एकल फेरे के समान ही रहती है।
- ✗ B. यह केवल तभी बढ़ती है जब व्यास भी बढ़ाया जाता है।
- ✓ C. यह एकल फेरे की तुलना में n गुना अधिक हो जाती है।
- ✗ D. यह n के साथ व्युत्क्रमानुपाती रूप से घटती है।

Q.15 बोहर के परमाणु मॉडल के अनुसार, 'M' कोश को मुख्य क्वांटम संख्या 'n' द्वारा दर्शाया जाता है, जो _________ के बराबर होती है।

Ans
- ✗ A. 1
- ✗ B. 4
- ✓ C. 3
- ✗ D. 2

Q.16 किसी पिंड पर कार्यरत एकसमान बल द्वारा किए गए कार्य के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य नहीं हैं?

(i) बल द्वारा किया गया कार्य कभी भी ऋणात्मक नहीं हो सकता।
(ii) यदि बल की दिशा और पिंड के विस्थापन समान हैं, तो किया गया कार्य धनात्मक होगा।
(iii) किए गए कार्य का S.I. मात्रक पास्कल होता है।

Ans
- ✗ A. केवल (ii)
- ✓ B. (i) और (iii) दोनों
- ✗ C. केवल (i)
- ✗ D. (ii) और (iii) दोनों

Q.17 बर्फ पिघलने के दौरान बर्फ का तापमान स्थिर क्यों रहता है?

Ans
- ✓ A. ऊष्मा का उपयोग अणुओं के बीच के आबंधों को विच्छेदित करने के लिए किया जाता है
- ✗ B. बर्फ ऊष्मा को अवशोषित करती है लेकिन पिघलती नहीं है
- ✗ C. बर्फ सघन हो जाती है
- ✗ D. बर्फ ऊष्मा को परावर्तित करती है

Q.18 गुरुत्वीय त्वरण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(i) गुरुत्वीय त्वरण का मान गुरुत्व के प्रभाव में आने वाली वस्तु के द्रव्यमान पर निर्भर करता है।
(ii) गुरुत्वीय त्वरण का मान सार्वभौमिक रूप से स्थिर रहता है।

Ans
- ✓ A. न तो (i) और न ही (ii)
- ✗ B. केवल (ii)
- ✗ C. (i) और (ii) दोनों
- ✗ D. केवल (i)

Q.19 निम्नलिखित में से कौन-सी अभिक्रिया, उदासीनीकरण अभिक्रिया है?

Ans
- ✗ A. एकल विस्थापन (Single displacement)
- ✗ B. दहन (Combustion)
- ✓ C. दोहरा विस्थापन (Double displacement)
- ✗ D. अपघटन (Decomposition)

Q.20 यौन संचारित रोग एड्स (AIDS) निम्नलिखित में से किसके कारण होता है?

Ans
- ✗ A. कृमि (Helmints)
- ✓ B. वायरस (Virus)
- ✗ C. प्रोटोजोआ (Protozoa)
- ✗ D. बैक्टीरिया (Bacteria)

Prepp Your Personal Exam Guide

| | |
|---|---|
| **Q.21** | **फसलों की समय पर बुआई किसान के लिए किस प्रकार लाभदायक है?** |
| **Ans** | ✗ A. इससे फसल पैदावार कम होती है। |
| | ✗ B. इससे पीड़क आकर्षित होते हैं। |
| | ✓ C. इससे खरपतवारों के साथ प्रतिस्पर्धा से बचा जा सकता है। |
| | ✗ D. इससे खरपतवार की वृद्धि बढ़ती है। |

| | |
|---|---|
| **Q.22** | **योगज अभिक्रिया में सामान्यतः क्या शामिल होता है?** |
| **Ans** | ✗ A. प्रकार्यात्मक समूहों को अन्य समूहों से प्रतिस्थापित किया जाता है |
| | ✓ B. परमाणु असंतृप्त आबंधों में जुड़ जाते हैं |
| | ✗ C. बिना नए आबंधन के ऑक्सीकरण परिवर्तित होता है |
| | ✗ D. अणुओं से परमाणुओं को हटाया जाता है |

| | |
|---|---|
| **Q.23** | **जब ATP में टर्मिनल फॉस्फेट लिंकेज को जल का उपयोग करके तोड़ा जाता है, तो ______ kJ/mol के बराबर ऊर्जा मुक्त होती है।** |
| **Ans** | ✗ A. 71.5 |
| | ✗ B. 50 |
| | ✓ C. 30.5 |
| | ✗ D. 5 |

| | |
|---|---|
| **Q.24** | **प्लास्टिक जैसे गैर-जैवनिम्नीकरणीय कचरे के प्रबंधन का सर्वोत्तम तरीका क्या है?** |
| **Ans** | ✗ A. इसे मिट्टी में दबा (Bury) दें |
| | ✓ B. इसे रीसायकल करें और पुनः उपयोग करें |
| | ✗ C. इसे खुली हवा में जला दें |
| | ✗ D. इसे खाद (compost) में मिश्रित कर दें |

| | |
|---|---|
| **Q.25** | **गोलीय लेंस के लिए चिह्न परिपाटी के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा, सही नहीं है?** |
| **Ans** | ✗ A. अवतल लेंस की फोकस दूरी ऋणात्मक मानी जाती है। |
| | ✓ B. उत्तल लेंस की फोकस दूरी ऋणात्मक मानी जाती है। |
| | ✗ C. वस्तु सदैव लेंस के बाईं ओर रखी जाती है। |
| | ✗ D. प्रकाशिक केन्द्र के दाईं ओर मापी गई दूरियां धनात्मक होती हैं। |

## Section : **Mathematics**

| | |
|---|---|
| **Q.26** | **एक वॉशिंग मशीन का अंकित मूल्य ₹45,000 है। एक दुकानदार 44% की छूट देता है और 80% का लाभ अर्जित करता है। वॉशिंग मशीन का क्रय मूल्य कितना है?** |
| **Ans** | ✗ A. ₹13,850 |
| | ✗ B. ₹14,154 |
| | ✓ C. ₹14,000 |
| | ✗ D. ₹14,042 |

| | |
|---|---|
| **Q.27** | **18%, 6% और 25% की क्रमिक छूटों के लिए एकल समतुल्य छूट (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।** |
| **Ans** | ✓ A. 42.19% |
| | ✗ B. 42.89% |
| | ✗ C. 41.85% |
| | ✗ D. 42.07% |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.28** यदि अखिल, विजय से उतना ही बड़ा है जितना वह कार्तिक से छोटा है, तथा विजय और कार्तिक की आयु का योग 84 वर्ष है, तो अखिल की आयु ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 40 वर्ष
- ✓ B. 42 वर्ष
- ✗ C. 44 वर्ष
- ✗ D. 46 वर्ष

**Q.29** 376 से 384 के बीच कितनी अभाज्य संख्याएँ हैं?

**Ans**
- ✗ A. 4
- ✓ B. 2
- ✗ C. 3
- ✗ D. 1

**Q.30** एक ठेकेदार ने एक दीवार बनाने के लिए 24 आदमियों को काम पर रखा और उन्होंने काम 12 दिनों में ही इस काम को पूरा कर दिया। 5 दिन साथ काम करने के बाद, 6 आदमी काम छोड़कर चले जाते हैं और वापस नहीं आते हैं। शेष आदमियों द्वारा काम पूरा करने में और कितने दिन लगेंगे?

**Ans**
- ✓ A. $9\frac{1}{3}$ दिन
- ✗ B. $9\frac{2}{3}$ दिन
- ✗ C. $10\frac{1}{2}$ दिन
- ✗ D. $8\frac{2}{3}$ दिन

**Q.31** एक कार 24 km/hr की चाल से एक स्थान पर जाती है और वहाँ से 28 km/hr की चाल से वापस आती है। पूरी यात्रा में कार की औसत चाल (km/hr में, 2 दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 27.34
- ✓ B. 25.85
- ✗ C. 24.82
- ✗ D. 22.12

**Q.32** 45 का 60%, 15 के $\frac{2}{5}$ से कितना अधिक है?

**Ans**
- ✗ A. 15
- ✓ B. 21
- ✗ C. 18
- ✗ D. 19

**Q.33** एक घनाभाकार डिब्बे की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई का अनुपात 5 : 4 : 4 है, जबकि इस घनाभाकार डिब्बे के तीनों आसन्न फलकों के क्षेत्रफल क्रमशः 160 $cm^2$, 64 $cm^2$ और 40 $cm^2$ हैं। डिब्बे का पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 288
- ✗ B. 306
- ✗ C. 396
- ✗ D. 298

**Q.34** $(\sqrt{48} + \sqrt{75}) \div \sqrt{3}$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 7
- ✗ B. 10
- ✗ C. 8
- ✓ D. 9

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.35 एक चुनाव में, दो उम्मीदवार हैं। विजेता उम्मीदवार को मतदाता सूची में कुल मतदाताओं में से 49% मतदाताओं का मत प्राप्त हुआ और उसने दूसरे उम्मीदवार को 120 मतों से हरा दिया। यदि 10% मतदाताओं ने मतदान नहीं किया, तो मतदाता सूची में कुल मतदाताओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 1500
- ✗ B. 1420
- ✗ C. 1590
- ✗ D. 1450

Q.36 एक दुकानदार एक खिलौना ₹388 में खरीदता है और उसे ₹485 में बेच देता है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 25%
- ✗ B. 12%
- ✗ C. 19%
- ✗ D. 8%

Q.37 किसी चतुर्भुज IJKL में, ∠I = 11° और ∠J = 79° है। ∠K और ∠L के समद्विभाजक Z पर मिलते हैं। ∠LZK की माप कितनी होगी?

Ans
- ✔ A. 45°
- ✗ B. 55°
- ✗ C. 31°
- ✗ D. 51°

Q.38 यदि किसी घनाभ की लंबाई 21 cm, चौड़ाई 2 cm और उसका आयतन 9198 $cm^3$ है, तो घनाभ की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 219 cm
- ✗ B. 212 cm
- ✗ C. 228 cm
- ✗ D. 223 cm

Q.39 एक कर्मचारी टैक्सी से यात्रा करने पर प्रति किलोमीटर ₹20 और अपनी कार से यात्रा करने पर प्रति किलोमीटर ₹10 का क्लेम करता है। एक सप्ताह में, उसने 120 km की यात्रा के लिए ₹2,200 का क्लेम किया। उसने टैक्सी से कितने किलोमीटर की यात्रा की?

Ans
- ✔ A. 100
- ✗ B. 80
- ✗ C. 90
- ✗ D. 95

Q.40 $\frac{1}{30}, \frac{2}{60}$ का कितना प्रतिशत है?

Ans
- ✔ A. 100%
- ✗ B. 115%
- ✗ C. 200%
- ✗ D. 110%

Q.41 किसी कक्षा के 48 विद्यार्थियों की औसत आयु 19 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 20 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 65
- ✔ B. 68
- ✗ C. 67
- ✗ D. 69

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.42** ₹4,200 के मूलधन पर 10% की वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर (वार्षिक रूप से संयोजित होने पर) से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. ₹5,942
- ✗ B. ₹5,102
- ✓ C. ₹5,082
- ✗ D. ₹5,938

**Q.43** 60 m ऊँचे टावर के शीर्ष से, ज़मीन पर खड़ी कार का अवनमन-कोण 30° है। टावर से कार की दूरी ज्ञात कीजिए। ($\sqrt{3} = 1.7$ का उपयोग करें।)

**Ans**
- ✗ A. 118 m
- ✗ B. 128 m
- ✓ C. 102 m
- ✗ D. 98 m

**Q.44** एक कार 20 km की तीन क्रमागत दूरियां क्रमशः 10 km/hr, 20 km/hr और 40 km/hr की चाल से तय करती है। उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $15\frac{3}{7}$
- ✗ B. $13\frac{2}{5}$
- ✗ C. $19\frac{1}{5}$
- ✓ D. $17\frac{1}{7}$

**Q.45** तीन संख्याओं का योग 270 है। यदि दूसरी संख्या का पहली संख्या से अनुपात 2:12 है तथा तीसरी संख्या का दूसरी संख्या से अनुपात 5:10 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 34
- ✗ B. 35
- ✗ C. 37
- ✓ D. 36

**Q.46** प्रथम 8 विषम प्राकृत संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 8.5
- ✓ B. 8
- ✗ C. 9
- ✗ D. 7.5

**Q.47** एक स्कूल में खेलों में भाग लेने वाली लड़कियों और लड़कों की संख्या का अनुपात 1 : 7 है। यदि लड़कियों की संख्या 300 है, तो खेलों में भाग लेने वाले लड़कों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 2120
- ✗ B. 2130
- ✗ C. 2075
- ✓ D. 2100

**Q.48** दो संख्याओं का गुणनफल 324 है और उनका HCF (महत्तम समापवर्तक) 3 है। तो उनका LCM (लघुत्तम समापवर्त्य) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 108
- ✗ B. 36
- ✗ C. 102
- ✗ D. 321

Prepp Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.49 A, B और C किसी काम को क्रमशः 3, 6 और 6 दिनों में पूरा कर सकते हैं। एक साथ काम करते हुए, उसी काम का दोगुना काम करने में उन्हें कितना समय (दिनों में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 6
- ✗ B. 9
- ✗ C. 4
- ✓ D. 3

Q.50 $\frac{(6.9)^3+(2.8)^3+(6.3)^3-3\times6.9\times2.8\times6.3}{(6.9)^2+(2.8)^2+(6.3)^2-6.9\times2.8-2.8\times6.3-6.9\times6.3}$ को हल करें।

Ans
- ✗ A. 14
- ✗ B. 18
- ✗ C. 12
- ✓ D. 16

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 1 4 * @ 9 & & £ $ 7 2 8 & 9 5 £ £ # 6 * 1 % (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 2
- ✓ C. 3
- ✗ D. 4

Q.52 A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B, E के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। D, B का निकटतम पड़ोसी है। A, B के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। C, E के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। F, C के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। F के सापेक्ष A का स्थान क्या है?

Ans
- ✓ A. दाईं ओर दूसरा
- ✗ B. बाईं ओर दूसरा
- ✗ C. ठीक बाईं ओर
- ✗ D. ठीक दाईं ओर

Q.53 उत्तर दिशा में अभिमुख 47 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, उमेश दाएं छोर से 15वें स्थान पर है। यदि केतन, उमेश के बाएं 19वें स्थान पर है, तो पंक्ति के बाएँ छोर से केतन का स्थान कौन-सा है?

Ans
- ✗ A. 16वां
- ✗ B. 13वां
- ✗ C. 15वां
- ✓ D. 14वां

Q.54 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

17 D 4 B 3 C 54 A 9 = ?

Ans
- ✓ A. 11
- ✗ B. 14
- ✗ C. 13
- ✗ D. 12

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.55 उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(15, 6, 11)
(24, 15, 20)

Ans
✔ A. (16, 7, 12)
✘ B. (18, 9, 4)
✘ C. (19, 28, 33)
✘ D. (23, 14, 9)

Q.56 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है।

(बाएं) 2 1 7 8 7 4 3 8 5 7 5 2 9 5 3 2 3 2 1 6 1 7 7 5 2 3 1 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या तथा ठीक बाद में भी एक सम संख्या है?

Ans
✘ A. 6
✔ B. 4
✘ C. 5
✘ D. 3

Q.57 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'LEASK' को '76432' और 'KASEY' को '46837' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'L' के लिए कूट क्या है?

Ans
✘ A. 3
✘ B. 4
✔ C. 2
✘ D. 7

Q.58 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 6 2 5 6 9 1 6 7 6 3 4 7 9 3 7 7 4 5 7 7 6 3 5 6 5 1 3 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद एक सम संख्या है?

Ans
✘ A. 6
✔ B. 4
✘ C. 3
✘ D. 5

Q.59 एक निश्चित कूट भाषा में,
A+ B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A & B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'K+T&RxZ-V' है, तो K का V से क्या संबंध है?

Ans
✔ A. भाई की पत्नी का भाई
✘ B. भाई की पत्नी के पिता
✘ C. भाई
✘ D. पिता

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.60 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

20 32 46 62 80 ?

Ans
✔ A. 100
✘ B. 98
✘ C. 106
✘ D. 105

Q.61 श्रीमान Zzz अपनी कक्षा में ऊपर से 14वें और नीचे से 67वें स्थान पर हैं। उनकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
✔ A. 80
✘ B. 85
✘ C. 89
✘ D. 86

Q.62 असीम बिंदु A से चलना प्रारंभ करता है और पश्चिम की ओर 60 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है, 55 km ड्राइव करता है, दाएँ मुड़ता है और 64 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 71 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएँ मुड़ता है, 4 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ होंगे।)

Ans
✘ A. 17 km, दक्षिण में
✘ B. 18 km, दक्षिण में
✘ C. 15 km, उत्तर में
✔ D. 16 km, उत्तर में

Q.63 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ A. BF−GK
✔ B. MQ−QX
✘ C. FJ−KO
✘ D. KO−PT

Q.64 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

QRP 64 STR 54 UVT 44 WXV 34 ?

Ans
✘ A. YGP 23
✔ B. YZX 24
✘ C. YYW 23
✘ D. YAW 24

Q.65 दी गई श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं।) गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 5 8 5 6 1 8 6 8 5 1 5 8 8 8 9 4 1 6 1 8 4 2 5 4 3 2 1 2 6 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है तथा ठीक बाद भी एक सम अंक है?

Ans
✘ A. पाँच
✘ B. चार
✘ C. तीन
✔ D. आठ

Your Personal Exams Guide

**Q.66** निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए?

8 − 7 ÷ 39 × 13 + 12 = ?

**Ans**
- ✔ A. 17
- ✘ B. 16
- ✘ C. 14
- ✘ D. 15

---

**Q.67** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'time heals wound' को 'dj yk eb' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'let time reveal' को 'fx ov yk' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'time' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

**Ans**
- ✘ A. ov
- ✘ B. fx
- ✔ C. yk
- ✘ D. dj

---

**Q.68** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, OILQ, SMPU से एक निश्चित तरीके से संबंधित है। उसी प्रकार, KEHM, OILQ से संबंधित है। इसी तर्क के अनुसार, TNQV दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**
- ✔ A. XRUZ
- ✘ B. XSUY
- ✘ C. XRUY
- ✘ D. XSUZ

---

**Q.69** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✘ A. FCG
- ✔ B. SPR
- ✘ C. KHL
- ✘ D. WTX

---

**Q.70** दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

18 19 23 32 48 ?

**Ans**
- ✘ A. 83
- ✘ B. 75
- ✘ C. 85
- ✔ D. 73

---

**Q.71** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**
सभी मटर, गाजर हैं।
सभी गाजर, शलजम हैं।

**निष्कर्ष:**
**(I)** कुछ शलजम, गाजर हैं।
**(II)** सभी मटर, शलजम हैं।

**Ans**
- ✘ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✘ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✔ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✘ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.72 एक निश्चित तरीके से XD 15 का संबंध BG 20 से है। उसी प्रकार, MT 25 का संबंध QW 30 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LR 10 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✗ A. MS 15
- ✗ B. PV 10
- ✗ C. QW 15
- ✓ D. PU 15

Q.73 यदि संख्या 716324598 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सभी विषम अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 26
- ✗ B. 22
- ✓ C. 24
- ✗ D. 20

Q.74 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक ग्रुप एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले ग्रुप से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।

INKS - KINS - SKNI
READ - ARED - DAER

Ans
- ✗ A. PLAY - LPAY - YLAP
- ✗ B. TOMB - MTOB - OMBT
- ✓ C. HOME - MHOE - EMOH
- ✗ D. FROM - FORM - MORF

Q.75 A, B, C, D, N, O और P एक सीधी पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D और P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। O के दाईं ओर केवल C बैठा है। P और O के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। A, N के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन B के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। B और N के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. चार
- ✗ B. एक
- ✓ C. दो
- ✗ D. तीन

Q.76 दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

12 18 6 24 ? 30

Ans
- ✗ A. 36
- ✗ B. 48
- ✓ C. 0
- ✗ D. 25

Q.77 आशीष बिंदु K से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 12 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है; 10 km गाड़ी चलाता है; बाएं मुड़ता है और 3 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 5 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 18 km गाड़ी चलाता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है; 15 km गाड़ी चलाता है और बिंदु Z पर रुकता है। बिंदु K के सापेक्ष बिंदु Z कितनी दूर (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में है?

(जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. उत्तर की ओर 6 km
- ✗ B. दक्षिण की ओर 3 km
- ✓ C. पश्चिम की ओर 3 km
- ✗ D. पूर्व की ओर 6 km

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.78 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी टोपियां, चटाई हैं।
सभी टोपियां, बिल्लियां हैं।
सभी कुत्ते, बिल्लियां हैं.

निष्कर्ष:
(I) सभी कुत्ते, चटाई हैं।
(II) कुछ बिल्लियां, चटाई हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✓ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.79 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

DER UVI LMZ CDQ ?

Ans
- ✗ A. THI
- ✗ B. TIH
- ✗ C. THU
- ✓ D. TUH

Q.80 सात व्यक्ति (A, B, C, D, E, F और G) एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A और D दोनों का निकटतम पड़ोसी C है। D के ठीक बाईं ओर पड़ोस में B बैठा है। F के बाईं ओर दूसरे स्थान पर A बैठा है। B और F दोनों का निकटतम पड़ोसी G है।
A के ठीक दाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. F
- ✗ B. B
- ✓ C. E
- ✗ D. G

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा अनावरण किया गया नया लोगो (logo) किस मूल थीम को दर्शाता है, जो राष्ट्रीय प्रगति में आधिकारिक आंकड़ों के महत्व को दर्शाता है?

Ans
- ✗ A. लोक सेवा वितरण (Public Service Delivery)
- ✓ B. डेटा फॉर डेवलपमेंट (Data for Development)
- ✗ C. आर्थिक पुनरुत्थान (Economic Resurgence)
- ✗ D. डिजिटल इंडिया (Digital India)

Q.82 निम्नलिखित में से किस भारतीय थलसेना रेजिमेंट ने मित्र शक्ति-2025 अभ्यास में भाग लिया था?

Ans
- ✓ A. राजपूत रेजिमेंट
- ✗ B. गढ़वाल रेजिमेंट
- ✗ C. सिख रेजिमेंट
- ✗ D. गोरखा रेजिमेंट

Q.83 किस तैराक ने बुडापेस्ट, हंगरी में 2024 में होने वाली विश्व शॉर्ट कोर्स तैराकी चैंपियनशिप के दौरान 400 m फ्रीस्टाइल, 200 m IM और 400 m IM में एकाधिक विश्व रिकॉर्ड बनाए?

Ans
- ✗ A. एरियन टिटमस
- ✓ B. समर मैकिन्टोश
- ✗ C. कार्तिका होस्जु
- ✗ D. केटी लेडेकी

Q.84 निम्नलिखित में से किस नेशनल पार्क को 2025 में एक प्रमुख ग्रासलैंड पक्षी आवास के रूप में चिन्हित किया गया था, जिसके उद्घाटन सर्वेक्षण में 43 ग्रासलैंड पक्षी प्रजातियों (फिन्स वीवर और बंगाल फ्लोरिकन सहित) को दर्ज किया गया था?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
- ✗ A. केवलादेव नेशनल पार्क
- ✗ B. दुधवा नेशनल पार्क
- ✗ C. डेजर्ट नेशनल पार्क
- ✓ D. काजीरंगा नेशनल पार्क

Q.85 किस क्रिकेटर ने वर्ष 2024 के लिए ICC मेन्स टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर का प्रतिष्ठित खिताब जीता?

Ans
- ✗ A. रोहित शर्मा
- ✓ B. जसप्रीत बुमराह
- ✗ C. रविचंद्रन अश्विन
- ✗ D. विराट कोहली

Q.86 मई 2025 में 'द स्टेट ऑफ वर्ल्ड्स फॉरेस्ट्स, 2025 (The State of World's Forests, 2025)' शीर्षक वाली रिपोर्ट निम्नलिखित में से किस संगठन ने जारी की?

Ans
- ✗ A. UNEP
- ✗ B. IUCN
- ✓ C. FAO
- ✗ D. WWF

Q.87 1 अगस्त 2025 से, नए ग्राहकों के लिए मेट्रो और शहरी क्षेत्रों में बचत खातों के लिए ICICI बैंक को कितना नया न्यूनतम औसत मासिक शेष (MAB) चाहिए?

Ans
- ✗ A. ₹10,000
- ✗ B. ₹25,000
- ✓ C. ₹15,000
- ✗ D. ₹75,000

Q.88 निम्नलिखित में से किस संघ ने नवंबर 2025 में बेंगलुरु में दूसरा फेडरेशन गतका कप 2025 आयोजित किया?

Ans
- ✗ A. फेडरेशन ऑफ ट्रेडिशनल इंडियन स्पोर्ट्स
- ✗ B. इंडियन गतका एंड मार्शल आर्ट फेडरेशन
- ✓ C. नेशनल गतका एसोशिएशन ऑफ इंडिया
- ✗ D. आल इंडिया स्पोर्ट्स एंड मार्शल आर्ट काउंसिल

Q.89 निम्नलिखित में से किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन की स्थापना 1945 में दुनिया भर के देशों के बीच शांति, सुरक्षा और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए की गई थी?

Ans
- ✗ A. उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO)
- ✓ B. संयुक्त राष्ट्र (UN)
- ✗ C. विश्व व्यापार संगठन (WTO)
- ✗ D. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

Q.90 फिटनेस और वेलनेस का तीन दिवसीय उत्सव, फिट इंडिया कार्निवल का उद्घाटन मार्च 2025 में आयोजित किया गया था। यह पथप्रदर्शक आयोजन किस शहर में हुआ था?

Ans
- ✓ A. नई दिल्ली
- ✗ B. चेन्नई
- ✗ C. मुंबई
- ✗ D. बेंगलुरु

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.91 जून 2025 में, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा भारत को किस रोग से आधिकारिक तौर पर मुक्त घोषित कर दिया गया, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है?

Ans
- ✗ A. काला-अजार (Kala-azar)
- ✗ B. याज (Yaws)
- ✗ C. लसीका फाइलेरियासिस (Lymphatic Filariasis)
- ✓ D. ट्रैकोमा (Trachoma)

Q.92 जुलाई 2025 में, किस दिग्गज वैश्विक बीमा कंपनी ने जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के साथ 50:50 पुनर्बीमा संयुक्त उद्यम बनाने के लिए एक बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर किया?

Ans
- ✗ A. जनरली ग्रुप (Generali Group)
- ✓ B. एलियांज ग्रुप (Allianz Group)
- ✗ C. अमेरिकन इंटेरनेशनल ग्रुप (American International Group - AIG)
- ✗ D. ज्यूरिख़ इंश्योरेंस ग्रुप (Zurich Insurance Group)

Q.93 जून 2025 में, 2025 स्टॉकहोम डायमंड लीग में पुरुषों की पोल वॉल्ट में 6.28 m का नया विश्व रिकॉर्ड किसने बनाया?

Ans
- ✗ A. कर्टिस मार्शल (Kurtis Marschall)
- ✓ B. आर्मंड डुप्लांटिस (Armand Duplantis)
- ✗ C. इमैनौइल करालिस (Emmanouil Karalis)
- ✗ D. सैम केंड्रिक्स (Sam Kendricks)

Q.94 5 अगस्त 2025 को उत्तराखंड में आई भीषण बाढ़ में, गंगोत्री धाम के मार्ग पर स्थित कौन-सा हिमालयी गाँव पानी, कीचड़ और मलबे के तेज बहाव से तबाह हो गया था?

Ans
- ✗ A. उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में बाल्टा
- ✗ B. उत्तराखंड के चमोली जिले में जोशीमठ
- ✗ C. उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में रुद्रप्रयाग
- ✓ D. उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में धराली

Q.95 निम्नलिखित में से किस राजनीतिक दल ने 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक सीटें जीतीं?

Ans
- ✗ A. राष्ट्रीय जनता दल
- ✓ B. भारतीय जनता पार्टी
- ✗ C. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- ✗ D. जनता दल (यूनाइटेड)

Q.96 2025 में भारत में राष्ट्रीय पर्यटन दिवस किस तिथि को मनाया गया?

Ans
- ✗ A. 24 मई 2025
- ✓ B. 25 जनवरी 2025
- ✗ C. 24 फरवरी 2025
- ✗ D. 24 जून 2025

Q.97 सितंबर 2025 में, भविष्य के लिए तैयार कार्यबल क्षमता का निर्माण करके बेरोजगारी को दूर करने के लिए कर्नाटक ने क्या कदम उठाया?

Ans
- ✓ A. डिजिटल और समावेशी प्रशिक्षण उपकरणों का उपयोग करते हुए राज्य कौशल विकास नीति
- ✗ B. मुख्य रूप से कृषि और हस्तशिल्प पर केंद्रित क्षेत्रीय प्रोत्साहन योजना
- ✗ C. आरक्षण नीति में नौकरियों में केवल कर्नाटक निवासियों को ही आरक्षण देने का प्रावधान
- ✗ D. विदेश में इंटर्नशिप करने वाले विद्यार्थियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.98 अक्टूबर 2024 में, किस राज्य सरकार ने हेल्पलाइन, वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप सहित कई चैनलों के माध्यम से शिकायतों को नियंत्रण के लिए एक व्यापक केंद्र के रूप में कार्य करने के लिए भारत का पहला एकीकृत राज्य-स्तरीय साइबर कमांड और नियंत्रण केंद्र लॉन्च किया?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
- ✗ A. छत्तीसगढ
- ✗ B. गुजरात
- ✗ C. केरल
- ✓ D. महाराष्ट्र

Q.99 भारत सरकार द्वारा किस केंद्रीय बजट में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की घोषणा की गई थी?

Ans
- ✗ A. 2020-2021
- ✗ B. 2023-2024
- ✗ C. 2018-2019
- ✓ D. 2025-2026

Q.100 मई 2025 में, किस राज्य / केंद्र शासित प्रदेश की सरकार ने अत्यधिक उंची इमारतों पर रूफटॉप स्प्रिंकलर सिस्टम को अनिवार्य कर दिया है?

Ans
- ✗ A. तेलंगाना
- ✗ B. आंध्र प्रदेश
- ✓ C. दिल्ली
- ✗ D. हरियाणा

Prepp Your Personal Exam Guide